# व्यवस्थाओं की अनदेखी, अरसे से बंद पड़े सिग्नल

▸ स्मार्ट सिटी द्वारा बरती जा रही लापरवाही




**जबलपुर, नवभारत।** स्मार्ट सिटी द्वारा संचालित शहर के ज्यादातर ट्रैफिक सिग्नल्स काफी लंबे समय से बंद पड़े हुए हैं। फिर चाहे वो शास्त्री ब्रिज हो या नागरथ चौक या फिर नोद्रा ब्रिज सभी पॉश इलाकों के ट्रैफिक सिग्नल्स ठप पड़े हुए हैं। इन ट्रैफिक सिग्नल्स के बंद होते ही वाहन चालकों की मनमानी शुरू हो जाती है।

परिणाम स्वरुप शहर की यातायात व्यवस्था अराजक हो जाती है। बता दे कि जिन सिग्नलों के माध्यम से ट्रैफिक कंट्रोल व यातायात की समस्या हल हो सकती थी वो जवाबदारों की अनदेखी के चलते और उपयोग में नहीं लाने के कारण खराब होते जा रहे हैं। इनका काम बस अब चौराहे की शोभा बढ़ाना रह गया है।

### इसकी टोपी उसके सर

नगर निगम और स्मार्ट सिटी जबलपुर के बीच इन दिनों एक पुरानी कहावत सिद्ध करने की होड मची है, इसकी टोपी उसके सर। जब भी ट्रैफिक सिग्नल्स के विषय में स्मार्ट सिटी से संपर्क करने की कोशिश की जाती है, तो जिम्मेदारों द्वारा फोन नहीं उठाया जाता है। वही जब नगर निगम के अधिकारियों से इस समस्या के समाधान के बारे में चर्चा की जाती है, तो उनके द्वारा स्मार्ट सिटी के पाले में गेंद ढकेल दी जाती है। नतीजा लोग बेरोकटोक गाडियां दौड़ाते हुए रोड क्रॉस करते हैं, ये जानते हुए कि किसी की जान भी जा सकती है। जबकि प्रशासन चाहे तो ट्रैफिक सिग्नल एक दिन में ठीक हो सकते हैं लेकिन अधिकारी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं।

### इनका कहना है

नगर निगम द्वारा संचालित ट्रैफिक सिग्नल्स चालू है। लेकिन स्मार्ट सिटी द्वारा संचालित किये जा रहे हैं ट्रैफिक सिग्नल्स के बारे में हम कुछ नहीं बता पाएंगे।

**नवीन लोनारे,**
**कार्यपालन यंत्री, प्रकाश**

# पंकज का हटना तय, प्रस्ताव हुआ मंजूर

**जबलपुर, नवभारत।** बरगी नगर की ग्राम पंचायत हरदुली से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है।

यहां उपसरपंच पंकज चौरसिया के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया है। 14 अगस्त को सरपंच और 16 पंचों ने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था। जिसके बाद 28 अगस्त को कार्यपालिका अधिकारी रविन्द्र पटेल की मौजूदगी में वोटिंग हुई। बता दे कि मतदान में 16 वोट पंकज चौरसिया के खिलाफ पड़े, जबकि उनके पक्ष में केवल 5 वोट मिले। नतीजतन पंकज चौरसिया का पद से हटना तय हो गया है। वही नायब तहसीलदार की रिपोर्ट पर कलेक्टर कार्यालय से अधिकृत आदेश जारी होगा।

## अधिवक्ता से व्यापारी ने की मारपीट आक्रोशित अधिवक्ताओं ने घेरा कोतवाली थाना

**जबलपुर।** कोतवाली में गुरूवार को गाड़ी हटाने को लेकर उपजे विवाद के बाद अधिवक्ता और व्यापारी के बीच कहासुनी हो गई जो मारपीट में तब्दील हो गई। मारपीट के विरोध में अधिवक्ताओं ने कोतवाली थाने का घेराव कर दिया। बड़ी संख्या में अधिवक्ता थाने पहुंच गए और एफआईआर दर्ज करने की मांग पर अड़ गए। देर रात तक थाने में अधिवक्ताओं और पुलिस के बीच बातचीत चलती रही। जानकारी के मुताबिक अधिवक्ता अरूण बघेल का गाडी हटाने को लेकर विवाद हुआ था जिसके चलते मारपीट हुई है। जब इसकी जानकारी अधिवक्ताओं को लगी तो रात्रि साढ़े नौ बजे तक वह बड़ी संख्या में कोतवाली थाने पहुंच गए थे। कोतवाली थाना प्रभारी मानस द्विवेदी ने बताया कि बाजार में गाड़ी खड़ी करने की बात पर दीपक गुप्ता और अधिवक्ता के बीच में कहासुनी हुई हैं इसके बाद हाथापाई हुई हैं मामले की जांच चल रही है जांच के बाद जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। समाचार लिखे जाने तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई थी।

# तत्परता तथा युद्ध कौशल बनाए रखना समय की आवश्यकता

▸ जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ ने किया मुख्यालय का दौरा किया



**जबलपुर।** लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, मध्य कमान ने जबलपुर छावनी का दौरा किया और मुख्यालय मध्य भारत एरिया तथा अधीनस्थ संरचनाओं की संचालन एवं प्रशासनिक तैयारियों का अवलोकन किया।

मुख्यालय मध्य भारत एरिया में आगमन पर उनका स्वागत लेफ्टिनेंट जनरल पदम सिंह शेखावत, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, मध्य भारत एरिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर आर्मी कमांडर को जनरल ऑफिसर कमांडिंग, मध्य भारत एरिया द्वारा संचालनिक एवं प्रशासनिक तैयारियों, निर्माणाधीन परियोजनाओं, तकनीकी एवं रणनीतिक प्रगति, रसद आपूर्ति तत्परता तथा मानवीय सहायता एवं आपदा राहत कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। आर्मी कमांडर, मध्य कमान ने इस दौरान उत्कृष्ट सेवा और समर्पण के लिए चयनित सैनिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया। इसके पश्चात आर्मी कमांडर, मध्य कमान ने मुख्यालय मध्य भारत एरिया के अधीनस्थ जम्मू एंड कश्मीर रायफल्स रेजिमेंटल सेंटर का दौरा किया, जहाँ उन्हें नवगठित लाइट कमांडो बटालियन की जानकारी प्रदान की। इसी के साथ उन्होंने हथियार एवं उपकरणों का जायजा लिया तथा अग्निवीरों के प्रशिक्षण की समीक्षा भी की।

लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने कहा कि उच्चस्तरीय शारीरिक क्षमता, हथियार एवं उपकरणों की तत्परता तथा युद्ध कौशल बनाए रखना समय की आवश्यकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं सैनिकों को सदैव उत्साह बनाए रखने और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। आर्मी कमांडर ने मध्य भारत एरिया की संचालनिक उपलब्धियों और तकनीकी प्रगति की सराहना करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल पदम सिंह शेखावत एवं उनकी टीम को उत्कृष्ट विकास के लिए बधाई दी।



# योजनाओं का लाभ चढ़ा लूट-खसोट की भेंट

**मझौली।** नगर परिषद मझौली लगातार भ्रष्टाचार और मनमानी के चलते सुर्खियों में है। चाहे प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 हो या फिर अन्य विकास योजनाएं। हितग्राहियों को लाभ तो मिल ही नहीं पा रहा, उल्टे परेशान किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का जिन पात्र लोगों ने योजना के अंतर्गत आवेदन किया, उनके कच्चे मकान और खाली प्लॉट को नगर परिषद के कर्मचारियों ने पक्का मकान दिखा दिया और इसके आधार पर हितग्राहियों को नोटिस थमा दिया कि आपका मकान पक्का पाया गया, इसलिए योजना से वंचित कर दिए जाएंगे।

### भ्रष्टाचार का नया पैटर्न

लोगों का कहना है कि नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारी मिलीभगत से सर्वे रिपोर्ट तैयार करते हैं, ताकि वास्तविक हितग्राहियों को योजना से बाहर कर अपने चहेतों को फायदा पहुँचाया जा सके। वार्डों में रहने वाले गरीब परिवारों का आरोप है कि उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा। वार्ड क्रमांक 8 निवासी महिला सुधा बाई ने बताया कि हमारा मकान टूटा-फूटा है, रहने की हालत नहीं है, फिर भी रिपोर्ट में पक्का मकान लिखा गया। अब हमें ही नोटिस भेज दिया गया। यह तो सरासर अन्याय है।

# श्री सिद्ध गणेश मंदिर में एकदांत स्वरूप का पूजन



**नवभारत, जबलपुर।** श्री सिद्ध गणेश मंदिर ग्वारीघाट जबलपुर में गणपति जन्म महोत्सव के पावन अवसर पर दूसरे दिन भगवान गणेश जी के द्वादश स्वरूपों में से एकदांत स्वरूप का पूजन अर्चन एवं 5100 फलों से उनके 1000 नाम से सहस्त्रार्चन किया गया।

इस अवसर पर रुद्रांश तिवारी, शशि-दिलीप वृजपुरिया एवं रुचि अभिषेक बृजपुरिया, मनीषा अनिमेष व्रजपुरिया, विक्रम नायडू, राजश्री नायडू आदि अनेक भक्तों ने सहस्त्रार्चन में भाग लिया एवं बड़ी संख्या में भक्तगण अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु अर्जी लगाने के लिए पहुंच रहे हैं।

आज तृतीय दिवस भगवान श्री सिद्ध गणेश के कपिल स्वरुप को कीम कलर के वस्त्रों से सुसज्जित कर लाजावतासा से सहस्त्रार्चन सम्पन्न होगा।

# भविष्य निधि एनक्लेव में विराजे विघ्नहर्ता



**नवभारत, जबलपुर।** विजय नगर स्थित कर्मचारी भविष्य निधि एनक्लेव में भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित की गयी। सम्पूर्ण आवासिय परिसर में 10 दिन तक भक्तिमय माहोल में विघ्नहर्ता की पूजा अर्चना की जाएगी साथ ही भंडारे का आयेजन भी किया जायेगा। भगवान गणेश की स्थापना के अवसर पर श्रीराकेश सहरावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त। द्वारा सपरिवार भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना की गयी। इस अवसर पर संदीप कुमार मिश्रा, सहायक भविष्य निधि आयुक्त तथा गणेश उत्सव समिति के सदस्य यशवंत कटरे, प्रदीप गुप्ता, संजय रघुवंशी, बिजय शर्मा, विजय सिंह ठाकुर, सज्जन कुमार, मनीष मीणा, गब्बर मीणा, शेखर मीणा, आकाश सिन्हा, अविनाश इवनाति, योगांशु पटेल सपरिवार उपस्थित रहे।

# शस्त्र पूजन एवं शस्त्र रखने की छूट की मांग

**जबलपुर।** कन्हैया रामकृष्ण तिवारी जय महाकाल संघ अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश मोहन यादव के नाम एक ज्ञापन जबलपुर सांसद आशीष दुबे भी को सौंपा। जिसमें मांगे रखी है कि हिन्दू धर्मावलंबियों को सनातन परंपरानुसार शस्त्र रखने एवं पूजन की अनुमति या छूट और आत्मरक्षा हेतु शस्त्र लाइसेंस जारी करें, सनातन संस्कृति के अनुसार गुरुकुल खोले जाने और उनमें शस्त्र विद्या को पाठ्यक्रम में शामिल हो, भारत में अवैध घुसपैठियों, रोहिंग्या मुसलमानों, बांग्लादेशी और पाकिस्तानी मूल के लोगों (वोटरों )को चिन्हित कर तत्काल बाहर निकाला जाए। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया रामकृष्ण तिवारी, सुमित यादव, शैलेन्द्र पप्पू राव, दीपक सिंह राजपूत, संदीप यादव, जयराज पिल्ले, सुजीत सिन्ह ठाकुर, विकास सराठे, टिन्नू तालेवर, सतीश जाटव, विशाल श्रीवास्तव, संतोष मिश्रा, राजीव राय, दारेंद सिंह चंदेल, इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कृषि ऊपज मंडी में आयोजित होगी बैठक

**पनागर।** भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत जिला जबलपुर तहसील पनागर कृषि ऊपज मंडी में दिन शुक्रवार को दोपहर 2बजे तहसील की बैठक रखी गई है जिसमें भगवान बलराम की जायेंगी मनाई जाएगी जिसमें तहसील में निवासरत आखिल भारतीय, सदस्य प्रदेश सदस्य, संभागीय सदस्य, महाकौशल प्रांत, जिला, तहसील कार्यकारणी सदस्य ग्राम समिति अध्यक्ष मंत्री कार्यकारणी सद्स्य एवम किसान भाई अपेक्षित है।

# रजत गणेश का पीताम्बर वस्त्रों से हुआ श्रृंगार

▸ काजू से हुआ अर्चन, दर्शन करने उमड़ रही भीड़



**जबलपुर।** लालपुर रोड स्थित श्री सिद्ध रजत गणेश मंदिर चांदी वाले गणेश जी में द्वितीय दिवस का पूजन अर्चन हुआ। प्रातः काल में प्रभु श्री गणेश का सहदाभिषेक हुआ, सायंकाल प्रभु श्री गणेश का काजू से अर्चन किया गया।

द्वितीय दिवस के अवसर पर स्वामी प्रमोद महाराज ने बताया की सृष्टि के उत्पादन में आसुरी शक्तियों द्वारा जो विघ्न बधाएं उपस्थित की जाती थी उनका निवारण करने के लिए स्वयं परमात्मा गणपति के रूप में प्रकट होकर ब्रम्हा जी कार्यों में सहायक हुए, सायंकालीन भव्य महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें शहर के हजारों भक्त सम्मिलित हुए। इस अवसर पर ज्योति , डॉ किरण द्वारा भगवान का श्रृंगार किया गया, पूजन अर्चन आचार्य रामकिशोर द्वारा सम्पन्न कराया गया, गौरव मिश्रा, सुनील दुबे , सरिता गुप्ता आदि पूजन में सम्मिलित हुए।


**NASHIK MUNICIPAL CORPORATION**
**Solid Waste Management Department**

**E-Tender Notice No.05/2025-26- (Corrigendum-2)**

**Subject:** Corrigendum to Tender for Empanelment of Agencies for Manpower Outsourcing Services or Sweeping and Cleaning of Roads, Public and Community Toilets Riverbank, Auditoriums and NMC School Toilets in NMC area.

Nashik Municipal Corporation has decided to extend the following dates:

- Last Date & Time for Submission of Tender: From 28/08/2025 @ 15:00 hrs to **04/09/2025 @ 15:00 hrs.**
- Date & Time for Opening of Technical Bids: From 29/08/2025 @ 16:00 hrs. to **08/09/2025 @ 16:00 hrs.**

Interested tenderers should visit the website https://mahatenders.gov.in for detailed information.

जनसंपर्क/जा.क्र/२३२/२०२५
दि.२८/०८/२०२५

Sd/-
Additional Commissioner (1)
Nashik Municipal Corporation

गोदा प्रदुषण टाळा भविष्य सांभाळा



**M.P. BUILDING DEVELOPMENT CORPN.**
(An Agency of Govt. of M.P. Public Works Department)
16 – A, CEDMAP Building, Arera Hills, Bhopal (M.P.)-462011
Telephone No. : 0755-4853297, 0755- 4853295
E-mail : einc-mpbdc@mp.gov.in, dgmhqmpbdc@gmail.com

NIT No. : 6184/GM/MPBDC/CW&DIS/25/NIT-69 Bhopal, Dated : 28.08.2025

**NOTICE INVITING TENDER**

Madhya Pradesh Building Development Corporation Limited (MPBDC) Bhopal invites online tenders for the following works:-

1. Construction of Commissioner land resource management Office, Bhopal, M.P. – **PAC : Rs. 5968.57 Lacs**
2. Construction of waterproof dome in Residential campus of CM House Shyamla hills Dist. Bhopal M.P.- **PAC : Rs. 2099.18 Lacs**
3. Construction work of PCB Regional office Building, Indore (M.P.) **PAC : Rs. 603.09 Lacs**
4. Construction of 50 bedded Boys and 50 bedded Girls Hostel at Sandipani School at Chabi Dist. Mandla M.P. **PAC : Rs. 367.76 Lacs**
5. Construction of 50 bedded Boys and 50 bedded Girls Hostel at Sandipani School at Ghutas Dist. Mandla M.P. **PAC : Rs. 367.76 Lacs**
6. Construction of 50 bedded Boys and 50 bedded Girls Hostel at Govt. Higher Secondary School Excellence Kurwai Dist. Vidisha M.P. **PAC : Rs. 366.49 Lacs**
7. Construction of 50 bedded Boys and Girls Hostel at Govt. Higher Secondary School Rajendra Nagar Basoda Dist. Vidisha M.P. **PAC: Rs. 365.38 Lacs**
8. Construction of 50 bedded Boys and 50 bedded Girls Hostel at Govt. Higher Secondary School Excellence Nateran Dist. Vidisha M.P. **PAC : Rs. 365.17 Lacs**
9. Construction of 50 bedded boys and 50 bedded Girls Hostel at Govt. Higher Secondary School Gyaraspur Dist. Vidisha M.P. **PAC: Rs. 364.79 Lacs**
10. Construction of 50 seated Boys Hostel at CM Rise School Gopharu Dist. Shahdol M.P. **PAC : Rs. 183.75 Lacs**
11. Construction of 50 Seated Girls Hostel at Govt. Higher Secondary School Lateri, Dist. Vidisha M.P. **PAC : Rs. 182.29 Lacs**
12. Photo Copy and Spiral Binding Work. **PAC : Rs. 7.00 Lacs**
13. Demolition of the old government residential and non-residential buildings at proposed site of upcoming project of MY Hospital Indore. **PAC : Rs. 4.46 Lacs**
14. Construction of Integrated Aquapark and Research center at Bhadbhada Fisheries Area Bhopal M.P. (2nd Call) **PAC : Rs. 3172.58 Lacs**
15. Construction of Government College Rajodha Dist. Morena M.P. **(2nd Call) PAC : Rs. 1131.96 Lacs**
16. Construction of Boundary wall at Govt. Autonomous Girls PG College of Excellence Dist. Sagar M.P. (2nd Call) **PAC : Rs. 143.97 Lacs**
17. Selection of Consultant for Providing Services as Project Management Unit (PMU) to M.P. Building Development Corporation (MPBDC) **PAC : Rs. 423.12 Lacs**

Detailed NIT and tender documents can be viewed, downloaded and purchased Online from 08.09.2025 at 18:00 hrs. to 29.09.2025 at 15:30 hrs. (for S. No. 01 to 02 and 17 only), 04.09.2025 at 18:00 hrs. to 25.09.2025 at 15:30 hrs. (for S. No. 03 to 16 only)from website **www.mptenders.gov.in** PAC can vary at the time of uploading of tender document. Any amendment/corrigendum 'if any' will be published on website only, will not be published on newspapers.

M.P. Madhyam/121754/2025 **MANAGING DIRECTOR**



**JALGAON CITY MUNICIPAL CORPORATION**

**e-Tender Notice No. 612 for 2025-26 (Extension No.1)**

Jalgaon City Municipal Corporation invites e-Tender for the work of Underground Sewerage Project for Zone II and Zone V (Khedi and Pimprala Nalla) of Jalgaon City. Tender schedule of above notice is extended up to 15.09.2025. other condition will remain same as per published notice.

**Date: 29.08.2025**

sd/-
(Dnyaneshwar Dhere)
Commissioner
Jalgaon City Municipal Corporation



**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्लाट नं. 40 डायवर्सन प्लाट नं. 50 जानकी नगर कॉलोनी, जबलपुर (म.प्र.) की संपत्ति जिसमें कॉलोनी का पंप हाउस स्थित है जानकी नगर कॉलोनी के रहवासियों की संयुक्त संपत्ति है। इस संपत्ति के भ्रामक विक्रय विज्ञापन में सहयोगी न बने अन्यथा किसी भी विवाद की स्थिति के लिये वे स्वयं जिम्मेदार होगें।

दिनांक : 28/08/2025, स्थान : जबलपुर (म.प्र.)

भवदीय
**विकास ज्योतिषी एडवोकेट** (म.प्र. हाई कोर्ट जबलपुर)
वास्ते-जानकी नगर कॉलोनी रहवासीगण



**कब्जा नोटिस**

जबकि, **जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13 (2) के साथ नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उधारकर्ता/सह-उधारकताओं को मांग नोटिस जारी किए हैं, जिसमें उधारकताओं से अनुरोध किया गया है कि वे संबंधित नामों के समक्ष उल्लिखित राशि को, उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर, उक्त नोटिस में उल्लिखित लागू दरों पर ब्याज सहित, और भुगतान और/या वसूली की तिथि तक किए गए भावी आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि सहित चुका दें।

| क्र. सं. | ऋण संख्या | उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/ गारंटर/बंधककर्ता | 13(2) नोटिस दिनांक/ बकाया राशि (रुपये में) | दिनांक/समय और कब्जे का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 31209630001170 और 31209630001220 | 1) गोविंद जी प्रसाद शर्मा, पुत्र तुलाराम शर्मा, 2) श्रीमती गीता शर्मा, पत्नी. गोविंद प्रसाद शर्मा | 10.06.2025 ₹19,55,392.42 (उन्नीस लाख पचपन हजार तीन सौ बानवे और बयालीस पैसे मात्र) 03.06.2025 तक | दिनांकः 25.08.2025 समयः दोपहर 02:00 बजे प्रतीकात्मक कब्जा |
| | **सुरक्षित संपत्तियों का विवरणः** मकान संख्या 1025 वाला वह पूरा भूखंड, जिसका कुल क्षेत्रफल 840 वर्ग फुट (78.06 वर्ग मीटर) है, और उस पर निर्माण कार्य सहित, गढ़ा वार्ड संख्या 01, मौजा पुरवा, पुलिस चौकी संख्या 28/33, एन.बी. संख्या 162, नया नंबर 07, आर.एन.एम. जबलपुर-1, तहसील गोरखपुर और जिला जबलपुर (मध्य प्रदेश) में स्थित है। विक्रय विलेख के अनुसार, सीमाः पूर्व में: भीकमलाल कुंवरलाल का मकान, पश्चिम में: बुधूलाल का मकान, उत्तर में: सड़क और दक्षिण में: सुरजला तालाब। वास्तविक स्थल सीमा के अनुसारः पूर्व में: रमाकांत सोनी मीना ज्वैलर्स की संपत्ति, पश्चिम में: भगवान दास विश्वकर्मा की संपत्ति, उत्तर में: सड़क और दक्षिण में: सुरजला तालाब। | | | |
| 2 | 33580430000280 | 1) श्री शिवम कुमार त्रिपाठी, पुत्र कृष्ण कुमार त्रिपाठी, 2) श्रीमती सविता त्रिपाठी, पत्नी कृष्ण कुमार त्रिपाठी | 06.06.2025 ₹ 4,10,465.98 (चार लाख दस हजार चार सौ पैंसठ और अन्ठानवे पैसे मात्र) 03.06.2025 तक | दिनांकः 25.08.2025 समयः शाम 5:00 बजे प्रतीकात्मक कब्जा |
| | **सुरक्षित संपत्तियों का विवरणः** आराजी वाली जमीन का वह पूरा टुकड़ा खसरा संख्या 996 (भाग), कुल क्षेत्रफल 4200 वर्ग फुट (390.334 वर्ग मीटर) उस पर निर्माण सहित, ग्राम किठा, पुलिस चौकी संख्या 06, तहसील बिरसिंहपुर और जिला सतना (मध्य प्रदेश) में स्थित है। पूर्व में सरकारी सड़क, पश्चिम में सरकारी सड़क, उत्तर में अखिलेश पांडे का मकान और दक्षिण में राकेश त्रिपाठी का घर। | | | |

चूंकि, ऊपर उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता देय राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए विशेष रूप से ऊपर उल्लिखित उधारकताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि जन लघु वित्त बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपरोक्त वर्णित संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ उपरोक्त तिथियों पर अपने कब्जे में ले लिया है। विशेष रूप से ऊपर उल्लिखित उधारकताओं/सह-उधारकताओं/गारंटर/बंधककताओं और आम जनता को एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे उपरोक्त संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों से संबंधित कोई भी लेन-देन न करें और उक्त संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों से संबंधित कोई भी लेन-देन **जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड** के प्रभार के अधीन होगा।

स्थानः जबलपुर, सतना — एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
दिनांकः 29.08.2025 — जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के लिए

**JANA SMALL FINANCE BANK** (A Scheduled Commercial Bank)
पंजीकृत कार्यालयः द फेयरवे, भूतल एवं प्रथम तल, सर्वेक्षण संख्या 10/1, 11/2 एवं 12/2बी, डोम्लुर के पास, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के बगल में, चल्लाघट्टा, बेंगलुरु-560071। शाखा कार्यालयः प्लॉट संख्या 131/01, भूतल, एमपी नगर जोन-2, भोपाल (एमपी)-462011।



**JALGAON CITY MUNICIPAL CORPORATION**

**e-Tender Notice No. 611 for 2025-26 (Extension No.1)**

Jalgaon City Municipal Corporation invites e-Tender for the work of Underground Sewerage Project for Zone III (Harivitthal Nalla) of Jalgaon City. Tender schedule of above notice is extended up to 15.09.2025. other condition will remain same as per published notice.

**Date: 29.08.2025**

sd/-
(Dnyaneshwar Dhere)
Commissioner
Jalgaon City Municipal Corporation



**साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

**सूचना**

एस.ई.सी.एल. सोहागपुर क्षेत्र के अंतर्गत खैरहा भूमिगत खदान हेतु ग्राम खैरहा, तहसील बुढार, जिला शहडोल की अर्जित निजी भूमि के अंतर्गत अधोलिखित दर्शाए गए भूमि स्वामियों के नाम, भूमि आश्रितों के विभिन्न दस्तावेजों के अनुसार नाम का विवरण निम्नानुसार हैं :-

| उपरोक्त अधिसूचना के तहत निम्नलिखित भूमि स्वामियों की भूमि का अधिग्रहण किया गया है- | | | | | | | | | | | | | भूमि आश्रित का दस्तावेजों में नाम | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भूमि स्वामी क्र. | धारा 9 (1) अधिसूचना वर्ष 2016-17 का खसरा क्रमांक | रेवन्यू रिकार्ड के अनुसार खसरे का रकबा (हे.) | खसरा के अनुसार अर्जित रकबा (हे.) | धारा 9(1) अधिसूचना के समय वर्ष 2016- 17 के खसरे के अनुसार भूमि स्वामी और पिता/पति का नाम | अवार्ड का मुआवजा पत्रक 1(A) क्रमांक | खसरा नंबर | रेवन्यू रिकार्ड के अनुसार खसरे का रकबा (हे.) | खसरा के अनुसार अर्जित रकबा (हे.) | रेवन्यू रिकार्ड के अनुसार खसरों का कुल रकबा (हे.) | मुआवजा पत्रक 1 (A) के अनुसार भूमि स्वामी और पिता/पति का नाम | मुआवजा भुगतान के समय के वर्ष के खसरे के अनुसार भूमि स्वामी और पिता/पति का नाम | रोजगार प्राप्त करते समय के वर्ष के खसरे के अनुसार भूमि स्वामी और पिता/पति का नाम | रोजगार प्राप्त करने हेतु प्रस्तावित भूमि आश्रित का नाम, भूमि स्वामी से संबंध और जाति | आधार कार्ड में नाम | रोजगार पंजीयन में नाम | राशन कार्ड में नाम | निवास प्रमाण पत्र में नाम | जाति प्रमाण पत्र में नाम | शिक्षा प्रमाण पत्र में नाम |
| 1 | 12/1 | 0.524 | 0.524 | महेश पिता कोदुवा साहू | 114 | 12/1 | 0.524 | 0.524 | 0.929 | महेश पिता कोदुवा साहू | महेश पिता कोदुवा साहू | महेश पिता कोदुवा साहू | मुकेश कुमार साहू पिता महेश प्रसाद साहू संबंध-पुत्र जाति-अ.पि.वर्ग | मुकेश साहू | mukesh sahu | मुकेश साहू पिता महेश साहू | मुकेश साहू पिता महेश साहू | मुकेश साहू पिता महेश साहू | मुकेश साहू पिता महेश साहू |
| | 107/2 | 0.405 | 0.405 | | | 107/2 | 0.405 | 0.405 | | | | | | | | | | | |
| कुल किता 2 | | 0.929 | 0.929 | | कुल किता 2 | | 0.929 | 0.929 | 0.929 | | | | | | | | | | |

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि स्वामियों/भूमि आश्रितों के नाम में विविधता/भू अभिलेख में विविधता एवं रोजगार प्रदान किये जाने के संबंध में यदि किसी को आपत्ति है तो प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर उपक्षेत्रीय प्रबंधक, राजेंद्रा-खैरहा उपक्षेत्र/महाप्रबंधक, सोहागपुर क्षेत्र के कार्यालय में लिखित रूप में आपत्ति दर्ज कराएं अन्यथा उपरोक्त भूमि स्वामियों/भूमि आश्रितों के रोजगार विषयक कार्यवाही अग्रेषित कर दी जाएगी। SECL/25-26/145

उप क्षेत्रीय प्रबंधक, राजेन्द्र खैरहा उपक्षेत्र